UNITY COLLEGE LIBRARY
Date
DIMAPUR : NAGALAND



**2023**

( FYUGP )

( 3rd Semester )

# HINDI

## ( Inter-disciplinary Course )

Paper Code : IDC–3

**( सृजनात्मक लेखन )**

*Full Marks* : 37½ *Pass Marks* : 40%

*Time* : 2 hours

## ( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 25 )

*The questions are of equal value*

**1.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर *80–100* शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :

(क) ऑनलाइन शिक्षा के लाभ और हानि

(ख) मेरा प्रिय खेल

(ग) मेरी प्रिय पुस्तक

(घ) आतंकवाद की समस्या

**2.** कक्षा में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई-पत्र लिखिए।

**अथवा**

प्रातः भ्रमण के लाभ बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

**3.** रचनात्मकता के विविध रूपों पर प्रकाश डालिए।

**4.** पुस्तक समीक्षा से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

**5.** संवाद और दृश्य लेखन को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

★★★

**2 0 2 3**

( FYUGP )

( 3rd Semester )

# HINDI

( Inter-disciplinary Course )

Paper Code : IDC–3

**( सृजनात्मक लेखन )**

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 12½ )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

SECTION—I

( *Marks* : 7½ )

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए : ½×15=7½

1. निम्नलिखित में से कविता के मूल में क्या सम्मिलित है?

   (क) संवेदना ( )

   (ख) राग तत्त्व ( )

   (ग) संपूर्ण सृष्टि से जुड़ाव ( )

   (घ) उपर्युक्त सभी ( )

**2.** सिनेमा और रंगमंच किस तरीके का माध्यम है?

(क) दृश्य माध्यम ( )

(ख) श्रव्य माध्यम ( )

(ग) श्रव्य-दृश्य माध्यम ( )

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

**3.** कहानी और नाटक दोनों में निम्नलिखित में से कौन-सी समानता नहीं है?

(क) संवाद होते हैं ( )

(ख) द्वंद्व होता है ( )

(ग) चरम उत्कर्ष होता है ( )

(घ) मंच सज्जा होती है ( )

**4.** नाटक के संदर्भ में असत्य कथन है

(क) मंच सज्जा होती है ( )

(ख) संगीत होता है ( )

(ग) प्रकाश-व्यवस्था होती है ( )

(घ) फ़्लैशबैक का प्रयोग होता है ( )

**5.** डायरी के संदर्भ में असंगत है

(क) नितांत वैयक्तिक रचना है ( )

(ख) सामाजिक-आर्थिक परिप्रेक्ष्य का भी ब्यौरा प्रस्तुत करता है ( )

(ग) डायरी अंतरंग साक्षात्कार है ( )

(घ) डायरी हमारी सबसे बड़ी दुश्मन है ( )

**6.** हमारी भारतीय परंपरा में नाटक को किसकी संज्ञा दी गई है?

(क) दृश्य काव्य ( )

(ख) श्रव्य काव्य ( )

(ग) महाकाव्य ( )

(घ) दृश्य-श्रव्य काव्य ( )

**7.** निम्नलिखित में से कहानी में रोचकता किसके कारण बनी रहती है?

(क) कथानक ( )

(ख) द्वंद्व ( )

(ग) रस ( )

(घ) संवाद ( )

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा संवाद के संदर्भ में असत्य है?

(क) कहानी का विकास करना ( )

(ख) पात्रों को स्थापित करना ( )

(ग) कहानी को गति देना ( )

(घ) कहानी को अवरुद्ध करना ( )

9. निम्नलिखित में से कौन-सा कविता का अनिवार्य तत्त्व है?

(क) रस ( )

(ख) अलंकार ( )

(ग) छंद ( )

(घ) गुण ( )

10. नाटक लिखते समय नाटककार को नाटक की कौन-सी विशेषता हमेशा याद रखनी चाहिए?

(क) समय का बंधन ( )

(ख) शब्द ( )

(ग) कथ्य ( )

(घ) संवाद ( )

11. निम्नलिखित में से कौन-सा कहानी-लेखन सीखने का सबसे कारगर तरीका हो सकता है?

(क) बार-बार कहानियाँ पढ़ना ( )

(ख) फिल्मों को देखना ( )

(ग) नाटक देखना ( )

(घ) अच्छी कहानियाँ पढ़ना ( )

12. निम्नलिखित में से किसके अनुसार कहानी चरम उत्कर्ष अर्थात् क्लाइमैक्स की ओर बढ़ती है?

(क) कथानक ( )

(ख) संवाद ( )

(ग) परिवेश ( )

(घ) चरित्र ( )

13. निम्नलिखित में से कौन-सा कहानी को प्रामाणिक और रोचक बनाने के लिए आवश्यक है?

(क) देशकाल ( )

(ख) वातावरण ( )

(ग) स्थान ( )

(घ) उपर्युक्त सभी ( )

14. निम्नलिखित में से कौन-सा डायरी के संदर्भ में सत्य है?

(क) नितांत वैयक्तिक रचना ( )

(ख) सामाजिक रचना ( )

(ग) वैयक्तिक और सामाजिक दोनों ( )

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

15. निम्नलिखित में से नाटक किस माध्यम से अपनी एक नई निजी और अलग अस्मिता ग्रहण करता है?

(क) समय का बंधन ( )

(ख) शब्द ( )

(ग) कथ्य ( )

(घ) संवाद ( )

## SECTION—II

( *Marks* : 5 )

निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 1×5=5

**1.** दिनभर आप जिन घटनाओं, गतिविधियों और विचारों से गुजरते हैं, उन्हें शब्दबद्ध करना क्या कहलाता है?

**2.** सृजनात्मक लेखन में पहले क्या उत्पन्न होता है?

**3.** हमारी भाषा किसे प्रभावित करती है?

**4.** भाषा के चार कौशल कौन-से हैं?

**5.** सृजनात्मक लेखन का प्रयोग छात्रों में किसलिए किया जाता है?

★ ★ ★